(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस मामले की जांच करने का है ;

(ग) यदि हां, तो कब ; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) (क) यह सूचना मिली है कि राजस्व प्रभागीय अधिकारी के कार्यालय में भूतपूर्व हैड क्लर्क, श्री एन श्रीनिवास ने, जो अपनी नौकरी से मुअत्तिल किये गये थे और जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के आधीन मुकदमा चलाया जाने का आदेश दिया गया था, अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ 22-11-64 की रात को कोईल्लम में, आत्महत्या कर ली । यह नहीं कहा जा सकता है कि श्रीनिवास और उसके परिवार ने जांच में देर लगने के कारण आत्महत्या की ।

(ख) सरकार इस मामले में जांच करने की आवश्यकता नहीं समझती ।

(ग) और (घ) ये प्रश्न नहीं उठते ।

नई दिल्ली नगरपालिका और दिल्ली नगर निगम के दावे

915. श्री नवल प्रभाकर : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली नगरपालिका और दिल्ली नगर निगम के बीच आपसी भुगतान का विवाद उग्र रूप धारण कर रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस मामले में हस्ताक्षेप करने का है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख). जी, नहीं । 35 मदें ऐसी थीं जिनमें दिल्ली नगर निगम तथा नई दिल्ली नगरपालिका के बीच परिसम्पत तथा दायित्वों का हस्तान्तरण होता था । उनमें से 28 का फैसला हो चुका । दो मदों, अर्थात् नगर निगम के निर्माण के समय कमिटी के पास बकाया नकद राशियों के बटवारे और इस प्रश्न पर कि क्या नगर निगम को हस्तांतरित परिसम्पत-बिजली के लिए नई दिल्ली नगरपालिका को कोई मुआवजा मिलना चाहिये, विधि मंत्रालय द्वारा विचार किया जाता रहा है और इसमें निहित पेचीदा कानूनी समस्याओं को देखते हुए अब विधि मंत्रालय का इस मामले को महान्यायवादी के पास सलाह के लिये भेजने का विचार है । तीन अनिर्णीत मामले नगरपालिका द्वारा मुख्य आयुक्त को भेजे जा रहे हैं । इनमें से एक में मल-अपवहन की लागत के हिस्से का बटवारा तथा दूसरे में पानी की थोक सप्लाई की दरें और तीसरे में नगरनिगम द्वारा नगरपालिका को दी जाने वाली बिजली की दरें निर्धारित करना है । दो अन्य मदों, (i) बिजली के अलावा ऋण के उत्तरदायित्व को वहन करने में हिस्सा और (ii) सीमा की सड़कों पर नियुक्त कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के प्रश्न पर दोनों स्थानीय निकायों के बीच बातचीत चल रही हैं ।

Employees of Survey of India

916. { Shri S. M. Banerjee:
Shri Yashpal Singh:

Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether a decision has been taken to revise certain pay scales of employees working in the Survey of India, Dehra Dun;

(b) if not, the reason for the delay; and

(c) when a decision is likely to be taken?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla): (a) No, Sir.